हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक : 324 : जौनपुर, शनिवार 26 अगस्त 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज वाराणसी में

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 26 अगस्त को वाराणसी भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री कल दोपहर से वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे और सायं 06:15 बजे टीएफसी वाराणसी में जी–20 आर्केस्ट्रा कॉन्सर्ट कार्यक्रम में शामिल होंगे। अगले दिन 27 अगस्त को वाराणसी से प्रस्थान कर अपराह्न 03 बजे तक लखनऊ वापस आयेंगे।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत,14 घंटे बाद मिला शव

नोएडा (संवाददाता)। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव में एक 18 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। देर शाम यह घटना हुई और रात से ही गोताखोरों की टीम तालाब में युवक को तलाश कर रही थी। युवक का शव करीब 14 घंटे बाद मिला है। बताया जा रहा है कि कबड्डी खेलने के बाद युवक गांव के मंदिर के पास तालाब में नहाने के लिए गया था। उसी दौरान तालाब के दलदल में फंसकर डूब गया। दरअसल गुरुवार शाम को सूरजपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव में प्रशांत नाम का युवक अपने दोस्तों के साथ में तालाब के पास कबड्डी खेल रहा था। कबड्डी खेलने के बाद गांव के मंदिर के पास तालाब में वह नहाने के लिए चला गया और वहीं पर उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने के बाद वह तालाब के दलदल के अंदर फंस गया। इसी दौरान वह पानी में डूब गया। उसके साथ में उसका दोस्त मौजूद था। उसने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहा। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने प्रशांत को काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन प्रशांत के बारे में कोई जानकारी नहीं लग सकी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की टीम को भी बुलाया गया। उनके द्वारा भी प्रशांत की रात में तलाश की गई लेकिन रात में शव नहीं मिला। गोताखोर और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद प्रशांत के शव को करीब 14 घंटे बाद तालाब से ढूंढ निकाला गया। फिलहाल पुलिस के द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए बैठक

बांदा (संवाददाता)। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल आर पी सिंह ने मयूर भवन सभागार खेल व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें बेटी बचाओ बेटी–पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तर पर सितंबर माह में होने वाली बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता पर चर्चा की। आयुक्त ने मंडल स्तर पर अगले माह आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अपने–अपने जिलों से विभिन्न खेलों के इच्छुक बालिकाओं को चिन्हित कर सूची, ड्रेस तथा अन्य व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए। जूनियर वर्ग में कक्षा 5 से 8 तक तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक की बालिकाओं को मंडल स्तर होने वाली खेल प्रतियोगिता में आने वाले छात्र–छात्राओं को बेहतर व्यवस्था दी जाए।

## भारत, यूनान क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर एक-दूसरे की भावनाओं को समझते हैं और आदर करते हैं :पीएम मोदी

(एजेन्सी)

एथेंस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक–दिवसीय यूनान यात्रा के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय सम्बन्धों को 'रणनीतिक भागीदारी' के स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है और रक्षा, उत्पादन तथा आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के निश्चय के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है। मोदी ने यहां प्रधानमंत्री किरियाकोस मिचोताकिस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, " प्रधानमंत्री किरियाकोस मिचोताकिस और मैंने आज भारत–यूनान भागीदारी को रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है। " मोदी दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, आज ही यहां आए। वह प्रधानमंत्री श्री मिचोताकिस के निमंत्रण पर एथेंस की यात्रा पर हैं। वर्ष 1983 के बाद



भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूनान की यात्रा पर आया है। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत और यूनान ने अवसंरचना, कृषि, शिक्षा नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर अपनी रणनीतिक भागीदारी को आगे बढ़ाएंगे।" उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने भारत और यूनान रक्षा तथा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ–साथ रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भी परस्पर सहयोग बढ़ाने पर बल दिया है। श्री मोदी ने कहा, "भारत, यूनान क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर एक–दूसरे की भावनाओं को समझते हैं और आदर करते हैं।" उन्होंने बताया कि यूनान के प्रधानमंत्री के साथ उनकी बातचीत में आतंकवाद और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुयी है। सुबह एथेंस पहुंचने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्होंने 'अज्ञात सैनिकों के स्मारक पर श्रद्धांजलि' अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने मेजबान प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में भाग लिया। दोनों प्रधानमंत्री आज ही दिन में दोनों देशों के व्यवसायियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे हैं।

## मुर्मु ने दादी प्रकाशमणि की स्मृति में डाक टिकट जारी किया

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक गैर–सरकारी संगठन ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया और लोगों से जनकल्याण की भावना से काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह डाक टिकट दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संचार मंत्रालय के डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' पहल के तहत निकाला गया है।इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दादी प्रकाशमणि ने आध्यात्मिकता के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भारत और विदेशों में फैलाया। उनके नेतृत्व में, ब्रह्माकुमारीज़ दुनिया में महिलाओं के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन बन गया। एक सच्चे नेता की तरह, वह



चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विश्वास और साहस के साथ ब्रह्माकुमारीज़ परिवार के साथ खड़ी रहीं और हमेशा उनका मार्गदर्शन किया।राष्ट्रपति ने कहा, "किसी भी व्यक्ति को उसके कर्मों के कारण ही याद किया जाता है और इस लिए हर व्यक्ति को लोक कल्याण की भावना से नेक कार्य करना चाहिए। दादी प्रकाशमणि भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आध्यात्मिक और मिलनसार व्यक्तित्व और मानव कल्याण के उनके संदेश की यादें हमेशा हमारे बीच जीवित रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।"इस अवसर पर उन्होंने बुधवार को भारत के चंद्रयान–3 मिशन की सफलता का उल्लेख भी किया और कहा, "हम सभी ने भारत के वैज्ञानिकों की अभूतपूर्व सफलता देखी है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।"उन्होंने विश्वास जताया कि चंद्रयान–3 मिशन के जरिए चंद्रमा की सतह से नई जानकारी हासिल होगी जिससे पूरी दुनिया को फायदा होगा।

## कारगिल पहुंचकर राहुल ने किया शहीदों को नमन

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। लद्दाख की यात्रा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में कारगिल जाकर शहीदों को शुक्रवार को नमन किया और कहा



कि कारगिल सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि साहस और बलिदान की वीरगाथा ह श्री गांधी ने कहा, कारगिल सिर्फ़ एक जगह नहीं, एक वीरगाथा है। हमारे अनेक जवान की कर्मभूमि, उनके साहस और बलिदान की सरजमीं है।यह भारत का गौरव है और हर भारतीय की देश के प्रति ज़िम्मेदारी का एहसास है।कारगिल युद्ध के सभी वीर सेनानियों और शहीदों को मेरा शत शत नमन। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर लद्दाख के लोगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा, ष्भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए राहुल गांधी लद्दाख के लोगों से मिले। यात्रा की भावना के अनुरूप उन्होंने उनकी मन की बातें सुनीं। इन समस्याओं को सुनकर स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार ने लद्दाख को उसके हाल पर छोड़ दिया है। जिन नेताओं को केवल अपने मन की बात में दिलचस्पी है, वे कभी भी जनता की आवाज़ को सुनने नहीं देंगे।

## वर्तमान में सेफ सिटी परियोजना महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है : सीएम

(संवाददाता)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सेफ सिटी परियोजना की सफलता में जनसहयोग का आह्वान किया है। शुक्रवार को श्सेफ सिटी परियोजनाश के प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौक–चौराहों, सरकारी व निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाए जाएं। आम जन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर उन्हें क्राइम कंट्रोल में सीसीटीवी के महत्व को बताया जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपनी सुविधानुसार अपने सीसीटीवी फुटेज का डेटा अपने पास ही सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यकता हो, वहां नगर निगम, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अथवा स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी



लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अगले 01 सप्ताह के भीतर सभी पुलिस थानों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश भी दिए हैं। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में ष्सेफ सिटी परियोजनाष अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। अब हमें इसे और विस्तार देना होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्ध नगर को श्सेफ सिटीश के रूप में विकसित किया जाना है। जबकि दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालयों की नगर पालिकाओं और फिर तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाए। ऐसे सभी नगरों के प्रवेश द्वार पर श्सेफ सिटीश का बोर्ड लगा कर इसकी विशिष्ट ब्रांडिंग भी की जानी चाहिए। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश पहला राज्य हो सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सेफ सिटी परियोजना महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है। हमें इसे विस्तार देते हुए बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। सेफ सिटी के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व दिव्यांग जनों के लिए एक सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण बनाने की मुहिम को आवश्यक तेजी मिलेगी। बैठक में विभिन्न संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गणों ने सेफ सिटी परियोजना को लेकर अब तक की प्रगति की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अब तक आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी स्मार्ट सिटी में पुलिस ने 9396 स्थानों को सीसीटीवी लगाए जाने के लिए चिन्हित किया है, इसमें से अब तक 3489 जगहों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं।

## मधुमिता हत्याकांड : अमरमणि त्रिपाठी, उसकी पत्नी की रिहाई में दखल देने से फिलहाल सुप्रीम कोर्ट का इनकार

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2003 में कवयित्री मधुमिता शुक्ला की सनसनीखेज हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उसकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी की कैदी के तौर पर श्अच्छे आचरण करने की दुहाई देकरश सरकार के उनकी रिहाई करने के कथित फैसले पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन राज्य सरकार को नोटिस जारी करके उसे आठ सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मधुमिता की बहन निधि शुक्ला की याचिका पर यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह फिलहाल त्रिपाठी और उनकी पत्नी की रिहाई के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी। हां, अगर वह याचिकाकर्ता के तर्क से



सहमत होगी तो वह दोनों दोषियों को वापस जेल भेज सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले कहा था कि जेल में अच्छे आचरण के आधार पर त्रिपाठी और उसकी पत्नी को रिहा कर दिया जाएगा। इस खबर के बाद सुश्री निधि शुक्ला ने जून 2007 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे त्रिपाठी और उसकी पत्नी की रिहाई के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था। मधुमिता (24) एक तेजतर्रार कवयित्री और पूर्व मंत्री त्रिपाठी की कथित प्रेमिका की नौ मई 2003 को हत्या कर दी गई थी। उसका शव लखनऊ के निशातगंज इलाके में उनके घर पर पाया गया था। तत्कालीन मायावती सरकार के मंत्री रहे त्रिपाठी को बहुजन समाज पार्टी प्रमुख के श्दाहिने हाथश के तौर पर माना जाता था। त्रिपाठी दंपति ने शुरू में दावा किया था कि इस नृशंस हत्या से उनका कोई लेना–देना नहीं है।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जब डीएनए जांच की तो त्रिपाठी के दावे गलत साबित हुए थे। जांच रिपोर्ट में संकेत मिले थे कि जिस लड़की की गोली मारकर हत्या की गई थी, उसके पेट में त्रिपाठी बच्चा पल रहा था। काफी विवाद के बाद शीर्ष अदालत ने मामले को लखनऊ से देहरादून स्थानांतरित कर दिया था, क्योंकि शुक्ला के परिवार को डर था कि त्रिपाठी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकता है।

## लद्दाख के लोगों की दबाई जा रही है आवाज : राहुल

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया है, लेकिन वहां लोगों का हक छीनकर उनकी आवाज दबाई जा रही है। लद्दाख का दौरा कर रहे श्री गांधी ने ट्वीट किया, "लद्दाख के कोने– कोने में गया और युवाओं से, माताओं–बहनों से, ग़रीब लोगों से बात की। दूसरे नेता हैं जो सिर्फ़ अपने मन की बात करते हैं, मैं आपके मन की बात सुनना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, "चीन ने हिंदुस्तान की हज़ारों किमी ज़मीन छीन ली है। प्रधानमंत्री इस बात को नकार कर झूठ बोल रहे हैं, ये लद्दाख का हर व्यक्ति जानता है।" श्री गांधी ने कहा, "लद्दाख के मुख्य मुद्दे हैं – यहां के लोगों की राजनीतिक आवाज़ दबाई जा रही है, रोज़गार के लिए सरकार के सभी वादे झूठे निकले। मोबाइल नेटवर्क और हवाई सुविधा की कमी। लोगों की राजनीतिक आवाज को नहीं सुना जाता है और




राजनेताओं की आवाज को दबाया जा रहा है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया, लेकिन लोगों को उनके अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। सेल फोन है, लेकिन नेटवर्क नहीं होता। एयर पोर्ट है, लेकिन हवाई उड़ान नहीं है। इस तरह से लद्दाख के लोगों के अधिकारों को छीना जा रहा है।" कांग्रेस नेता ने कहा, "इन सभी मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। इस यात्रा में हुए स्वागत और मोहब्बत के लिए लद्दाख को बहुत बहुत धन्यवाद।"

## पार्टियां एक-दूसरे से लड़ना बंद करें, विकास के लिए मिलकर करना चाहिए काम : केजरीवाल

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश तभी प्रगति कर सकता है जब सभी पार्टियां एक–दूसरे से लड़ना बंद करें और इसके विकास के लिए काम करें। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में नवनिर्मित सड़कों, गलियों और नालियों का उद्घाटन करने के बाद केजरीवाल ने कहा कि पार्टियों को केवल चुनाव के दौरान एक–दूसरे से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ष्एक बार चुनाव खत्म हो जाएं तो सभी को हाथ मिलाना चाहिए। भारत में बहुत प्रतिभा है। आइए हम सब हाथ मिलाएं और देश को आगे ले जाएं। मुख्यमंत्री ने विकासपुरी के ओम विहार फेज 5 में करीब 31 करोड़ रुपये से बनी पांच सड़कों, 206 गलियों और 512



नालियों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोग विपक्षी दलों की सबसे गंदी राजनीति के शिकार हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चुनाव में, अन्य दल अनधिकृत कॉलोनियों में लोगों के पास गए और बड़े वादे किए, लेकिन कुछ नहीं किया।

## कांग्रेस चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के करार को सार्वजनिक किया जाए : भाजपा

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से शुक्रवार को मांग की कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के साथ उनका जो भी समझौता हुआ है, उसे सार्वजनिक किया जाए। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा," राजनीति के सबसे पुराने पंडित जी के खानदान के 53 वर्षीय युवा श्री गांधी भारत, भारतीय समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और चीन के बारे में आधारहीन और अनर्गल बयान देने के आदी हो गये हैं। चीन के साथ इनकी सरकार के संबंध कैसे थे और भाजपा की सरकार के



कैसे संबंध हैं, यह देश की जनता को अच्छी तरह से पता चल गया है।" श्री त्रिवेदी ने कहा कि 2020 में एक सरकारी चीनी थिंक टैंक ने कहा था कि थ्येनआनमेन चौक की घटना के बाद चीन कूटनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा अलगाव झेल रहा है। लेकिन श्री राहुल गांधी के मन में चीन की बातों पर प्यार कैसे उमड़ रहा है। क्या यह राजीव गांधी फाउंडेशन को मिले दान का एहसान है या कांग्रेस के सीसीपी के साथ करार का इकरार है। भाजपा सांसद ने कहा कि वह जिन लोगों का हवाला देते हुए आरोप लगा रहे हैं, वह अपने आप उजागर हो रहा है। डोकलाम संघर्ष के समय उन्होंने ना सिर्फ चीनी राजदूत से मुलाकात की बल्कि उनके साथ खाना भी खाया था। उन्होंने इतिहास के हवाले से कुछ दस्तावेज का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में भारत से लड़ने वाली चीनी सेना को रसद पहुंचायी थी। एक संवाददाता सम्मेलन में स्वयं पंडित जी ने स्वीकार किया था कि चीन की जरूरत के हिसाब से ष्थोड़ी बहुतष मात्रा में चावल भेजा गया है जो चीन की सेना के लिए है।

# विश्वविद्यालय की प्रगति मेरी प्राथमिकता: प्रो. वंदना सिंह

## नए कुलपति का स्वागत, निवर्तमान को दी गई विदाई



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचलविश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की ओर से स्वागतएवं विदाई समारोह का शनिवार को आयोजन किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए निवर्तमानकुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि मेरे सपनों को साकार करने में पूरेविश्वविद्यालय परिवार ने सदैव सहयोग किया। यहां प्रतिभा की कमी नहीं है बस उसेनिखारने के जरुरत है। उन्होंने कहा कि मैंने कोविड महामारी के दौर मेंविश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण किया था, परिस्थितियां अनुकूल नहीं थी फिर भी सबकेसाथ विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा किविश्वविद्यालय की प्रगति ही मेरी प्राथमिकता है, उसके लिए सबके साथ मिलकर काम कियाजाएगा। कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। विश्वविद्यालयमें परीक्षा के साथ परिणाम समय से निकले इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कुलसचिव महेंद्र कुमार नेस्वागत और विदाई के समारोह में कहा कि पूर्व कुलपति ने बखूबी अपना कार्यकाल पूराकिया है। वर्तमान कुलपति प्रो वंदना सिंह भी विश्वविद्यालय परिवार से परफार्मेंस कीअपेक्षा करती है। स्वागत अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह महामंत्री रमेश यादव ने एवं पूर्वअध्यक्ष रामजी सिंह और राजनारायण सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह मेंशिक्षक संघ अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास के लिए हमलोग कदमसे कदम मिलाकर चलेंगे। संचालन डॉ राजेश सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदीने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ.हिमांशु सिंह, डॉ. सुबोध पांडेय, पीके कौशिक, संजय सिंह, रहमतुल्ला, कपिल त्यागी, डॉ.अमित वत्स, जितेंद्र पांडेय, हरिश्चंद्र मौर्य, सूबेलाल यादव, प्रभाकर चौबे, रजनीशसिंह, अरूण आदर्श, धर्मेंद्र सिंह, स्वामीनाथ, स्वतंत्र कुमार, जियालाल, जैशलाल. हेमंतश्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव, जितेंद्र शर्मा, इंजीनियर आनंद सिंह, अरूण सिंह, सुशीलप्रजाप्रति, राकेश मिश्र, हरिनाथ, सनी भारती, सुमन सिंह, ऋचा सिंह, पदमा कुमारी,शोभा श्रीवास्तव, कर्मचारी मौजूद रहे।

# छात्र हित उनकी समस्याओं का समाधान ही सर्वोपरि होगा:कुलपति

### 1-टीचिंग,लर्निंग,रिसर्च में क्वालिटी का रखेंगे ध्यान: प्रो वंदना सिंह

### 2-पूर्वांचल विश्वविद्यालय की दूसरी महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर बंदना सिंह ने लिया चार्ज



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने शनिवार की दोपहर विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में विधिवत कार्यभार संभाल लिया।उन्हें पूर्व कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने पदभार ग्रहण कराया इस दौरान दोनों कुलपति एक दूसरे को गले लगाकर भावुक हो गई

प्रोफेसर वंदना सिंह इसके पहले इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान की प्रोफेसर रह चुकी हैं। उन्होंने कहा की प्राचीनता को आधुनिकता से जोड़कर विश्वविद्यालय को एक नई पहचान दिलानी है।उनका कहना है की विश्वविद्यालय को यदि श्रेष्ठ बनाना है तो शिक्षक व कर्मचारियों के सहयोग से इस लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है।

बातचीत उन्होंने बताया की टीचिंग लर्निंग और रिसर्च में क्वालिटी का पूरा ध्यान रखा जाएगा। तथा रिसर्च को पेटेंट कराने की कोशिश की जाएगी। उनकी प्राथमिकता शोध के साथ ही विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की भी रहेगी। शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अलमुनाई संगठन को मजबूती देकर उनके योगदान और इंडस्ट्रीज कोलैबोरेशन से विश्वविद्यालय को उत्तम बनाने की पहल होगी। प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह से कहा कि जो भी अधूरे कार्य हैं उनका पूरा कराया जाए।

पत्रकारो से बातचीत के दौरान प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि छात्र हित उनकी समस्याओं का समाधान ही सर्वोपरि होगा।शिक्षा व्यवस्था संसाधान गुणवत्ता सुधार उनकी प्राथमिकता होगी। छात्रों को किसी तरह की परेशानी ना हो उनके लिए पठन–पाठन नियमित क्लास पर जोर दिया जाएगा। अब विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षक मनमानी नहीं कर पाएंगे। उन्हें हर रोज अपनी उपस्थिति कक्षा में दर्ज करानी होगी। पढ़ाने से बचने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर उनके ऊपर कारवाई भी की जाएगी।तथा छात्रों की उपस्थिति भी देखी जाएगी साथ–साथ में विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट भी समय–समय पर ली जाएगी ।और समय–समय पर पठन–पाठन डेवलपमेंट का रिपोर्ट भी लिया जाएगा। विश्वविद्यालय से संबंधित किसी भी विभाग में कोई लापरवाही से समझौता नहीं किया जाएगा।नैक मूल्यांकन के सभी बिंदुओं पर जानकारी कर उसे पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। तथा परीक्षा मूल्यांकन व्यवस्था में जो भी कमियां होंगे उसमें भी सुधार किया जाएगा। बच्चों के रिजल्ट समय से नियमित घोषित होंगे सभी विभागों से जानकारी जुटाकर शिक्षा गुणवत्ता को उच्च स्तर पर लेकर जाना है उनकी प्राथमिकता होगी।

नवनियुक्त कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा की अपने और पराए के भेद को पीछे छोड़कर पारदर्शी शासन, समावेशी विकास के आधार पर विश्वविद्यालय का संचालन किया जाएगा और सामर्थ्य का प्रयोग किया जाएगा। सबको साथ लेकर चलना है। शक्तियों का विकेंद्रीकरण कराया जायेगा। हर वक्तियों के शक्ति के हिसाब से जिम्मेदारी दी जाएगी। प्राचीन ज्ञान, परंपरा का आधुनिक तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया जाएगा। इससे पहले नवनियुक्त कुलपति ने ऐतिहासिक मंदिर शीतला चौकिया धाम में अपने परिवार और लोगों के साथ पहुंचकर अपना मत्था टेका और पूजा अर्चना की।

# सेंट जोसेफ स्कूल समूह में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनाया रक्षाबन्धन पर्व

## सेंट जोसेफ में नन्हे बच्चों ने राखी बांध कर जाना भाई-बहन के प्यार का महत्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ. भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबन्धन सेंट जोसेफ की सभी शाखाओं में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेंट जोसेफ स्कूल समूह की राजाजीपुरम् शाखा व सीतापुर रोड स्थित शाखा में कक्षा प्ले–वे से कक्षा यू0केजी0 तक के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल को अपने नन्हे–नन्हे होथों से राखी बांधी और रोली अक्षत का टीका लगाया। इसके पूर्व



रंग–बिरंगे परिधानों में सजी नन्ही बहनों अपने नन्हे भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाइयां भी खिलाई। बच्चों ने बड़े ही जोश और उल्लास के साथ रक्षाबन्धन का पर्व मनाया। इस अवसर पर सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कहा कि अपने त्यौहारों और अपनी प्राचीन परम्पराओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। ये नन्हे–मुन्ने बच्चे ही आगे इनको जीवंत बनाये रखेगें। सभी बच्चों को इस अवसर पर चाकलेट और मिठाइयां वितरित की गयी।

# जिला उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न हुई

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार सायं जिला उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उकनी पावर हाउस सब स्टेशन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत माध्यमिक कार्य खंड वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि शेष कार्य हेतु 2.5 कि0मी0 लम्बा केबल प्राप्त हो गया है अगले सप्ताह तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा , जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत माध्यमिक कार्य खंड वाराणसी को एक सप्ताह में उक्त कार्य को प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

सीडा उद्यमियों ने अवगत कराया कि सीडा में आवास विकास द्वारा ह्यूम पाइप का कार्य अभी भी पूर्ण नहीं किया गया है जिस पर अधिशासी अभियंता आवास विकास ने बताया कि अगले सप्ताह तक कार्य पूर्ण हो जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा ह्यूम पाइप का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के साथ उपायुक्त उद्योग को उक्त कार्य के जांच किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा विद्युत लोड फलक्चुएशन के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड मछलीशहर को बजट मांग हेतु प्रबंधा निदेशक को पत्र के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी निवेशकों की समस्या को बारी बारी से सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में रिलायंस इंडस्ट्रीज को भूखंड के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा पी ओ नेडा के माध्यम से शासनादेश के अनुसार आवंटन की कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया तथा अन्य निवेशकों की समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तथा जी0बी0सी0 मे प्रत्येक विभाग को कम से कम एक निवेशक को प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त मनीष राय आइआइए अध्यक्ष बृजेश यादव, सहायक प्रबंधक जयप्रकाश एवं अन्य उद्यमीगण व निवेशक उपस्थित रहे।

# क्लिनिक को चोरो ने बनाया निशाना

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के परियत स्थित एक क्लिनिक को निशाना बनाते हुए रात में चोरों ने 3 हजार नगद व मोबाइल चोरी कर ले गये।चोरी की घटना क्लिनिक पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गयी है।

नेवढ़िया थाना क्षेत्र के अमन पटेल व राजन कुमार बरसठी के परियत में क्लिनिक खोल रखा है।रात में क्लिनिक खुला था,और सभी सोये थे।रात में दो चोर क्लिनिक में घुसकर वहां काउंटर में रखा तीन हजार रुपये व एक एंड्राएड फोन चोरी कर ले गये।चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी।सुबह उठने पर चोरी की जानकारी होने पर सीसीटीवी देखा तो उसमें दो चोर चोरी करते देखे गये।अमन व राजन ने पुलिस को एक नामजद व एक अज्ञात चोर की खिलाफ तहरीर दी गयी है।पुलिस घटना की सीसीटीवी के फुटेज के जरिये जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र का डीएम एसपी ने किया निरक्षण

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा विकासखंड मछली शहर आकांक्षात्मक ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र सरायबीका का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र सरायबीका में नवीन प्रयास के अंतर्गत सेंसर के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन किया जा रहा था, इस नवीन प्रयास के अंतर्गत माह जुलाई में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन किया गया था और पुनः इस माह अगस्त मे उन्ही बच्चों का वजन लिया गया जिससे यह सत्यापित किया जा सके की यह सेंसर आधारित वजन मशीन ठीक से कार्य कर रही है कि नहीं। जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया कि बच्चों का वजन सही और नियमानुसार करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रामबदन सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपेश, मुख्य सेविका और कनिष्ठ लिपिक, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थिति रही।

# छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित तिथि तक करें आवेदन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव

हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया है कि शैक्षिक सत्र–2023–24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा–9–10 कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन करने से लेकर वितरण हेतु पूर्व में जारी समय सारिणी 28 जुलाई 2023 को निरस्त करते हुये अब समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित तिथियों में पूर्ण की जायेगी। उन्होंने बताया कि 07 अगस्त से 30 सितम्बर 2023 तक विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। 08 अगस्त से 5 अक्टूबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। 15 सितम्बर से 10 नवम्बर तक कक्षा–9–10 के छात्रध्छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। 20 नवम्बर तक हार्डकॉपी छात्रध्छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। 18 सितम्बर से 22 नवम्बर 2023 तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि निर्धारित तिथि के अनुसार शौक्षिक सत्र–2023–24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा–9–10 योजना का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें।

# चयनित अभ्यर्थी 31 अगस्त, तक संस्थान में प्रवेश लेना सुनिश्चित करें-प्रधानाचार्य

'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई आर0 के0 श्रीवास्तव ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र 2023 के तृतीय/उच्चीकृत चरण में चयनित अभ्यार्थियों की प्रवेश सूची राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद उ०प्र० लखनऊ द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को प्राप्त हो गयी है प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्रवेश प्रक्रिया 26 अगस्त, 2023 से 31 अगस्त, 2023 की सांय 05.00 बजे तक सम्पादित की जानी है। अतः तृतीय चरण चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थी 31 अगस्त, 2023 की सांय 05.00 बजे तक अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों, अंकपत्रों एवं उनकी एक–एक प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्बन्धित चयनित संस्थान में प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। यदि किसी चयनित अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तक प्रवेश नहीं लिया गया तो उसका आवंटन रद्द माना जाएगा तथा आगामी प्रकिया में सम्मिलित नही किया हो सकेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शाहाबाद के प्रवेश हरदोई संस्थान में किये जाएगें तथा अन्य समस्त संस्थानों के प्रवेश उसके निजी भवन में किये जायेंगे।

# यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 को निरस्त किए जाने के विरोध में जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपा ज्ञापन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर को एक ज्ञापन सौंपा गया,ज्ञापन के द्वारा माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के अधिनियम 1982 के अधिनियम की धारा 21 और 18 को पनरू जोड़ने की मांग की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने कहा कि शिक्षकों की सेवा और सुरक्षा बहुत जरूरी है ज्ञापन एक सार्थक कदम है ।जिसके माध्यम से शिक्षकों की पुनः सेवा और शर्तें बहाल की जा सकती हैं ज्ञापन को अति शीघ्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भेज दिया जाएगा इस दौरान आनंद स्वरूप यादव अमित मिश्रा विकास कुमार, अमृत लाल यादव , जय प्रकाश यादव व अन्य बहुत से शिक्षक उपस्थित रहे।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जन सुनवाई आयोजित

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा निरीक्षण भवन जौनपुर में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आठ मामले आयोग के सामने आए, तीन मामले बाल सेवा योजना सामान्य के थे और दो मामलों में बच्चे पहले से ही योजना का लाभ ले रहे थे उन्हें बताया गया कि एक परिवार में सिर्फ दो बच्चों को ही लाभ दिया जा सकता है। दो मामले विधवा पेंशन से संबंधित थे उन्हें बताया गया कि आवश्यक दस्तावेज तैयार कर ऑनलाइन फॉर्म भर सकती हैं। दो मामले ईट भट्ठों से संबंधित आए, ईट भट्ठा पर काम करने वाले बच्चों की पढ़ाई हो इसकी व्यवस्था करने की मांग की गई थी सभी संबंधित विभागों को शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया गया। आयोग के सदस्यों द्वारा सभी विभागों की समीक्षा बैठक भी की गई। महिला कल्याण विभाग से जिला प्रोबेशन अधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य एवं कन्या सुमंगला योजना की प्रगति की जानकारी दी गई और बताया गया कि बाल सेवा योजना में जौनपुर जनपद प्रदेश में दूसरा स्थान तथा बाल कन्या सुमंगला में पिछले तीन वर्षों में प्रथम पांच स्थान में सदैव रहा है और आगे भी इन योजनाओं में जनपद में अच्छे काम का आश्वासन दिया गया। इसके लिए विभिन्न विभागों से परस्पर सहयोग लेने का निर्देश आयोग के सदस्यों ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिया।

आयोग के सदस्यों ने जिला कारागार की व्यवस्था की तारीफ की और अधिकारियों को निर्देश दिया की सभी अधिकारियों को वहां के अधीक्षक द्वारा किए गए कार्य से सीखने की जरूरत है।

पुलिस विभाग की समीक्षा में क्षेत्राअधिकारी सदर ने बताया की पुलिस द्वारा बाल विवाह रोकने पॉक्सो के मामलों में समय पर चार्जशीट दाखिल करने तथा बच्चों के रेस्क्यू में निरंतर अच्छा काम कर रही है। क्षेत्राधिकारी द्वारा बताया गया की 14 मामलों में बच्चों का रेस्क्यू का कार्य अभी पेंडिंग है।

सदस्य महोदय द्वारा श्रम विभाग को निर्देशित किया गया कि बाल श्रम को रोकथाम के लिए निरंतर पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से छापेमारी का काम करें एवं श्रम से मुक्त बच्चों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभ दिलाया जाए। श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा बताया कि मड़ियाहूँ के 25 गांव को नया सवेरा योजना के तहत श्रम मुक्त गांव घोषित किया जा चुका है। आयोग के सदस्यों ने शिक्षा विभाग को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत विगत 3 वर्षों में कितने नामांकन हुए हैं तथा कितने बच्चे उसमें से विद्यालय छोड़े है उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आश्रम पद्धति विद्यालय गयासपुर में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया तथा रसोई घर एवं मेष में जाली लगाने का निर्देश दिया गया।

कस्तूरबा विद्यालय करंजाकला के बाउंड्री बाल को ऊंचा कराने, किचन को ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि एक युद्ध नसे के विरुद्ध को सफल बनाने के लिए अबकारी विभाग, ड्रग्स विभाग, शिक्षा विभाग परस्पर समन्वय स्थापित कर और इसे सफल बनाने का प्रयास करें। विभागीय समीक्षा के उपरान्त राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने मीडिया बन्धुओं से वार्ता किया और अपने दो दिन के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दिया और मीडिया बन्धुओं से अपील किया कि विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने में सहयोग करें।

# लालपुर गाँव में जन चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी ने किया समीक्षा

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खण्ड जलालपुर के लालपुर गाँव में ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय जानकारी दी गयी और कैम्प में माध्यम से आवेदन लिए गए। गाँव में घरों के सापेक्ष विद्युत कनेक्शन कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सर्वे कराकर कनेक्शन दिया जाए। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्ति मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए प्रार्थना पत्र दे सकते है। गाँव में जल जीवन मिशन के तहत 8 किमी पाइप बिछा दी गयी है और बोरिंग हो चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जितनी भी सड़के खुदी है उन्हें जल्द से जल्द समतल कर दिया जाए और शीघ्र अति शीघ्र रिस्टोर करा दिया जाए। 1446 के सापेक्ष 1113 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना हैं, अवशेष का जल्द से जल्द बनाये जाने के निर्देश दिए। जन चौपाल में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.बी. सिंह ने विस्तार से कुपोषण से बचाव के सम्बंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि गर्भ धारण के उपरान्त नियमित रूप से जाँच कराये क्योंकि जब मा स्वस्थ होगी तो तभी बच्चा स्वस्थ होगा। 06 माह तक बच्चो को सिर्फ मॉ के दूध ही पिलाये। 06 महीने के बाद पूरक आहार दे। 10 महीने तक सभी तरह के टीके लगवा दें। सम्बंधित विकास खण्ड पर प्रत्येक बुधवार और शनिवार को टीका लगवाएं। गाँव मे मनरेगा के 06 कार्य चल रहे, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि कही पर फर्जी कार्य कराये जायेंगे तो सम्बन्धित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्देश दिया कि गाँव मे 01 एकड़ जमीन तलाश कर अमृत सरोवर बनाया जाए। ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया कि कोटेदार के द्वारा नियमानुसार राशन वितरण किया जाता है। गाँव मे पशुओं का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। गाँव में कैम्प लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाने के निर्देश भी दिए गए। जन चौपाल में मधुलता और कनकलता को जिलाधिकारी के द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। दशरथ सोनकर के द्वारा शिकायत की गई कि टुनटुन नाम के व्यक्ति के द्वारा मृतक दिखाकर जमीन अपने नाम करा लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने एस0ओ0 को मुकदमा दर्ज करने और उपजिलाधिकारी को खतौनी ठीक कराने के निर्देश दिए। विद्यालय की पुरानी विल्डिंग को मूल्यांकन कराकर निष्प्रयोज्य कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पी0डी0 जयकेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल, उपनिदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बीएससी के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

***विद्यार्थी बौद्धिक प्रतिभा के बल पर जीवन में आगे बढ़े - प्रो0 मिश्र***

***मिस्टर फेयरवेल अतुल व सुप्रिया त्रिपाठी मिस फेयरवेल चुनी गई***

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में गुरूवार को बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खट्टी–मीठी यादों को मनोरंजक ढंग से साझा किया। इसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में रैम्प पर कैटवाक, कविताएं स्पीच, डांस, सिंगिंग और अपनी अदाओं का विद्यार्थियों ने जादू बिखेरा। इसमें मिस्टर फेयरवेल अतुल कुमार को व सुप्रिया त्रिपाठी मिस फेयरवेल चुनी गई। आल राउंड परफॉरमेंस के लिए छात्रा सिमरन सिंह को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इसी क्रम में रनरअप के तौर पर हर्षित राय व प्रकृति, विदुषी मिश्रा को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बीएससी प्रोग्राम समन्वयक प्रो० चयन कुमार मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया। उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि विद्यार्थियों ने अग्रज और अनुज के संबंधों को जीवंत कर दिया है। विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाये। बौद्धिक प्रतिभा के बल पर जीवन में आगे बढ़ें। समन्वयक प्रो0 मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय एक ऐसा प्लेटफार्म है जहाँ नई चीजें सीखने को मिलती है। अपने में नए कौशल विकसित कर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योग दे। इस अवसर पर डॉ० अश्विनी कुमार, डॉ० अरविन्द बाजपेयी, डॉ० मनोज कुमार, डॉ० जीतेन्द्र कौशल श्रीवास्तव, डॉ० ज्ञानेश्वर कुमार गुप्ता, डॉ० गया प्रसाद तिवारी, डॉ० शिव प्रकाश मिश्रा, डॉ० संदीप रावत एवं शिक्षिकाओं डॉ० अमिता सिंह, डॉ० मिथिलेश तिवारी, डॉ० शाजिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## अयोध्या हाइवे के किनारे फिरोजपुर में प्राधिकरण बसाएगा वशिष्ठ कुंज कालोनी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विकास प्राधिकरण ने लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे सोहावल तहसील के फिरोजपुर उपरहार में इंटीग्रेटेड टाउनशिप के विकास का खाका तैयार किया है। हाइवे स्थित जफर मेमोरियल गर्ल्स इंटर कालेज और प्रस्तावित राम द्वार के निकट वशिष्ठ कुञ्ज के नाम से प्रस्तावित इस आवासीय योजना के लिए प्राधिकरण ने 80 फीसदी कास्तकारों की सहमति हासिल कर ली है और अब योजना को धरातल पर उतारने के लिए डिमांड सर्वे कराने की तैयारी है। लगभग 77 एकड़ क्षेत्रफल वाली इस आवासीय योजना को प्रदेश सरकार की यूपी न्यू टाउनशिप योजना 2023 के आधार पर तैयार किया गया है।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की ओर से एक ही स्थान पर भौतिक, सामजिक, अवस्थापना सुविधाओं के साथ रहने, कार्य करने और मनोरंजन सुविधाओं के व्यवस्था तथा स्थानीय संभावनाओं के अनुरूप आर्थिक गतिविधियों के विकास के लिए इंटीग्रेटेड आवासीय योजना की स्थापना के लिए यूपी न्यू टाउनशिप योजना 2023 योजना जारी की है। योजना में विकासकर्ता को तमाम सहूलियतों का भी प्राविधान किया गया है। साथ ही प्रदेश के कई विकास प्राधिकरण को इस योजना में धनराशि का आवंटन भी हुआ है। इस नई योजना के तहत अयोध्या विकास प्राधिकरण ने भी बशिष्ठ कुञ्ज के नाम से फिरोजपुर में वास्तु आधारित, नियोजित, ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट, अपशिष्ट प्रबंधन की उचित व्यवस्था आधारित टाउनशिप का खाका तैयार किया है। योजना 30 मी चौड़े पहुंच मार्ग के साथ 9 से 18 मी आंतरिक मार्ग पर अधिकांश भूखंडो के सामने पार्क उपलब्ध कराने की है। जिसके लिए जल्द ही डिमांड सर्वे शुरू किया जाना है। गुरुवार को दूसरी पहर जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत ग्रीन फील्ड टाउनशिप फिरोजपुर उपरहार आवासीय योजना (वशिष्ठ कुंज) के लिए भूमि के क्रय दर निर्धारण के लिए गठित समिति की बैठक में तय किया गया कि योजना में प्रभावित भू–स्वामियों व काश्तकारों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। डीएम ने प्राधिकरण की 31.37 हेक्टेयर (77.50 एकड़) की इस ग्रीन फील्ड टाउनशिप के लिए प्रभावितों की भूमियों का नियमानुसार मूल्यांकन कर मुआवजा व सुविधाएं प्रदान करने तथा काश्तकारों की समस्याओं व शंकाओं का समाधान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।बैठक में एडीएम (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, उपजिलाधिकारी सोहावल, सचिव विकास प्राधिकरण सहित सम्बंधित प्रधान, लेखपाल व योजना से प्रभावित काश्तकार आदि उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस शिविर

बीकापुर–अयोध्या। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की विभिन्न जांच और स्वास्थ्य सलाह दी गई। शिविर में आई गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सक अलंकर्ता आयन द्वारा गर्भावस्था के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। खानपान दुरुस्त रखने के साथ पोषण आहार लेने की सलाह दी गई। महिलाओं की हिमोग्लोबिन, यूरिन, एचआईवी, अल्ट्रासाउंड सहित विभिन्न जांच भी की गई। इसके अलावा शिविर में आई गर्भवती महिलाओं को फल का वितरण भी किया गया। और समय–समय पर जांच तथा टीकाकरण करने की सलाह दी गई। महिला चिकित्सक अलंकृता अयान ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की काउंसलिंग भी की गई। स्वास्थ्य शिविर में स्टाफ नर्स दीप्ति, काउंसलर खुशबू सहित सहित अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मी शामिल रही।

## आस्तीक देवस्थान बना श्रद्धालुओं के आस्था व विश्वास का केंद्र

अयोध्या।जनपद मुख्यालय से बत्तीस किलोमीटर दक्षिण मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर पौराणिक स्थल आस्तीक आश्रम आज भी लोगों की आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है।सैकड़ों वर्षों से श्रावण ( सावन) मास में लगने वाला आस्तीकन मेला आज भी प्रसांगिक बना हुआ है।पड़ेसी जिलों के श्रद्धालु बाबा आस्तीक के मंदिर पर घर की सुख शांति की मिन्नते मांगने आते हैं, श्रावण मास की अष्टमी तिथि से शुरू होने वाले आस्तीकन मेला रक्षाबंधन पर्व तक चलता है।बाबा आस्तीक के धाम पर दशमी तिथि को बड़ा मेला लगता है, आस्तीकन बाजार में आस्तीक मुनि का आश्रम है। अष्टमी तिथि के दोपहर के आसपास के चौबीस गांवों में ढाई दिन का बरौआ (बराव) रहता है। जहां पुरुष किसान हल कुदाल बुवाई, निराई, फावड़ा आदि चलाने सहित कुछ अन्य कार्यों को करने की मनाही रहती है, वहीं महिलाएं भी शील, चकिया आदि सामानों का भी प्रयोग नहीं करती हैं। लोगों का मानना है कि जो लोग इन नियमों का उल्लंघन करते हैं उनसे बाबा आस्तीक नाराज हो जाते हैं और सर्प का रूप धारण कर डंस लेते हैं। नाग पंचमी व दशमी तिथि के दिन आश्रम के पुजारी पर बाबा की सवारी होती है और पुजारी आश्रम से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित अपने आवास बीरबल का पुरवा से पूजा हवन इत्यादि करने के पश्चात खेतों के रास्ते दौड़ते हुए आश्रम के पास स्थित सरोवर में कूद जाते हैं, स्नान के बाद आस्तीक मुनि की पूजा अर्चना करते हैं इस दौरान आम जनमानस बाबा के दर्शन पूजन के लिए मंदिर परिसर मे सैकड़ो की तादात में मौजूद रहता है ।

# रंगीलो सावन उत्सव में गृहणियों ने विविध मनोहारी कार्यक्रम प्रदर्शित कर खूब वाह वाही प्राप्त की





हरदोई। (अम्बरीष कुमार सक्सेना) अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा द्वारा रंगीलो सावन उत्सव का कार्यक्रम रिज पैलेस में अध्यक्ष पल्लवी ओमर के निर्देशन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक अनीता गुप्ता, विभा गुप्ता, मीनू गुप्ता एवं शशि गुप्ता द्वारा गणेश वंदना, अग्रसेन महाराज का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बहारों की मलिका,मां बच्चे का जुगलबंदी नृत्य,एकल नृत्य, चूड़ी खनके हाथ बेस्ट आउटफिट एवं 1 मिनट गेम शो आदि का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वैश्य महिलाओं ने शिरकत करके कार्यक्रम को खूबसूरत बनाया। बहारों की मलिका का खिताब अंकित गुप्ता को मिला वही बेस्ट आउटफिट का खिताब स्वीटी गुप्ता को दिया गया। चूड़ी खनके हाथ में प्रथम शालू गुप्ता रही तो सोलो डांस एकल प्रतियोगिता में प्रगति गुप्ता ने बाजी मारी। मां बच्चे की जुगलबंदी नृत्य में गुंजन गुप्ता एवं उनका बेटा कृषभ गुप्ता प्रथम रहे। एक मिनट गेम शो की विजेता ज्योति गुप्ता रही हैं। कार्यक्रम में वैश्य समाज की सभी प्रतिष्ठित महिलाएं बहुएं व बेटियां उपस्थिति रही जिन्होंने कार्यक्रम को बहुत ही एन्जॉय किया।

सभी विजेताओं को मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा, रंजना गुप्ता, रेनू गुप्ता ,रुचि गुप्ता ,मंजू गुप्ता, दीपा गुप्ता, शशि गुप्ता, विभा गुप्ता ,अनीता गुप्ता ,सुनीता गुप्ता आदि ने क्रमशः पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल निर्देशन एवं आयोजन के लिए मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा ने अध्यक्ष पल्लवी ओमर व उनकी की टीम की सराहना की। और भविष्य में भी इसी तरीके के कार्यक्रम होने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम मुख्य रूप से डॉक्टर पारुल गुप्ता ,डॉक्टर प्रतिष्ठा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, नीलम गुप्ता, सुनीता गुप्ता ,अनीता गुप्ता ,ममता गुप्ता, अनुपम ओमर, रागिनी गुप्ता ,शिखा गुप्ता, रश्मि गुप्ता ,श्वेता गुप्ता ,सुधा गुप्ता ,स्वाति गुप्ता ,नेहा गुप्ता ,गुंजन गुप्ता आदि उपस्थित रही।

## मिशन - (शक्ति दीदी ) व डिकॉय अभियान के बालिकाओं/छात्राओं को किया जा रहा जागरुक

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।(शक्ति दीदी ) अभियान के तहत जनपद अयोध्या के समस्त थानों की महिला पुलिस दल द्वारा अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने हेतु शासन द्वारा जारी महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन 1090, यूपी–112,181,1076 आदि नंबर युक्त पैंपलेट वितरित कर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही डिकॉय अभियान के तहत सादे कपड़ों में महिला पुलिस दल द्वारा संवेदनशील क्षेत्रो व गलीध्मोहल्लों ,बाजारों, पार्कों, स्कूलध्कोचिंग के आसपास व सडकों पर बेवजह घूम रहे लड़कोंध्शोहदों से पूछताछ कर बेवजह इधर–उधर न घूमनें की सख्त हिदायत दी गयी न मानने पर उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें ।

## कमिश्नर और डीएम ने किया सम्मानित, अश्वल इंडिया ओपन शूटिंग चौंपियनशिप में अयोध्या मंडल को मिले 19 मेंडल

अयोध्या।दो दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन गाजियाबाद जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 19 अगस्त से 20 अगस्त तक चलकर सम्पन्न हुआ।

जिसमें अयोध्या मंडल को 19 मेडल मिले।मेडल पाने वाले खिलाड़ियों में शामिल जिले के बीकापुर सीओ डॉक्टर राजेश तिवारी,एडी बेसिक अयोध्या राम सागर पति त्रिपाठी,अजय सिंह (ब्लॉक पीटीआइ) ,वंशिका चौधरी, शेर बहादुर यादव, देवेश कुमार ,अच्युत गुप्ता ,मोइन अहमद खान ,अभय प्रताप विजय राय ,डॉक्टर डी आर भुवन ने जीत हासिल कर मेडल प्राप्त किया।वही इस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि अयोध्या की टीम अब एक बेहतरीन टीम बन चुकी है।वही टीम के मैनेजर शिवकरण सिंह ने सभी का शुभकामनाएं दी एवं भवदीय शूटिंग रेंज के प्रबंधक डॉक्टर अवधेश वर्मा ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व धन्यवाद दिया।

## थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या पुलिस ने 845 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार




अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या के दिशा–निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एंव वान्छित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना गोशाईगंज जनपद अयोध्या के नेतृत्व में थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या की पुलिस द्वारा महादेवा घाट बन्धा वहद कस्बा गोशाईगंज के पास से एक नफर अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र राजेश कुमार गुप्ता निवासी भीटी तिराहा कस्बा गोसाईगंज थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को कुल 845 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एलएलबी सम-सेमेस्टर की परीक्षा 28 अगस्त से

### सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी एलएलबी सम-सेमेस्टर परीक्षा।

अयोध्या।डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रि–वर्षीय व पंचवर्षीय सम–सेमेस्टर की परीक्षा 28 अगस्त से शुरू होकर 05 सितम्बर तक चलेगी।विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए 13 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।जिनमें 31 महाविद्यालयों की परीक्षा सम्पन्न होगी।विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी सम–सेमेस्टर परीक्षा की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी।वही द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02 से सायं 05 तक सम्पन्न होगी। एलएलबी त्रि–वर्षीय व पंचवर्षीय सम–सेमेस्टर की परीक्षा में लगभग 18072 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सचलदल नियुक्त कर दिया गया है।इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी।विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

## पहल डाक विभाग द्वारा राखी भेजने हेतु वाटरप्रूफ डिजायनर लिफाफ

### डाक विभाग ने आसान की बहनों की मुश्किलें,अब वाटरप्रूफ डिजायनर लिफाफे में भेजें राखी

अयोध्या।भाई–बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व 30 अगस्त को मनाया जायेगा और इसके लिए बहनों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में बहनों द्वारा भाईयों की कलाइयों पर बँधने वाली राखी सुरक्षित रूप में व तीव्र गति से भेजी जा सके, इसके लिए डाक विभाग ने विशेष प्रबन्ध किये हैं।प्रधान डाकघरों में विशेष रुप से निर्मित रंगीन डिजाइनर वाटरप्रूफ राखी लिफाफों की ब्रिकी आरम्भ कर दी गई है।उक्त जानकारी अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि ये डिजानइर राखी लिफाफे वाटर प्रूफ तथा सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत हैं, जिससे बारिश के मौसम में भी बहनों द्वारा भेजी गई राखियाँ सुदूर रहने वाले भाइयों तक सुरक्षित पहुँच सकें। राखी लिफाफों को चिपकाने हेतु इनमें विशेष स्टिकर का प्रयोग किया गया है जिससे इस हेतु गोंद की आवश्यकता नहीं होगी। 11 सेमी ग 22 सेमी आकार के इन राखी लिफाफों का मूल्य दस रुपया मात्र है जो डाक शुल्क के अतिरिक्त है। वाटरप्रूफ लिफाफे के बाएं हिस्से के ऊपरी भाग में भारतीय डाक के लोगो के साथ अंग्रेजी में राखी लिफाफा और नीचे दाहिने तरफ श्हैप्पी राखीश लिखा गया है। श्री यादव ने कहा कि रंगीन और डिजाइनदार होने की वजह से इन्हें अन्य डाकों से अलग करने में समय की बचत और पर्व के पूर्व वितरण कराने में भी सहूलियत होगी। साथ ही श्री सिंह ने यह भी बताया कि राखी के स्पेशल लिफाफे में एक अलग आकर्षण है भाई बहन का अटूट प्यार भरा रक्षाबंधन इसमें अधिक सुरक्षित है प्रधान डाकघर में राखी लिफाफे खरीदने आई माण्डवी सिंह ने कहा कि बहनें दूर शहर में नौकरी करने वाले अपने भाईयों को अब इस डिजाइनर लिफाफे के माध्यम से डाक विभाग द्वारा राखी भेजकर निश्चिन्त हो सकेंगी।

## सपा के बगावती युवा नेताओं का आरोप

### बृजेश यादव बोले,अखिलेश यादव मूल विचारधारा से भटक गए

### ऋचा सिंह बोली-पार्टी अब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हो गई

लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी से बगावत करने वाले युवा नेताओं ने शुक्रवार को लखनऊ, में प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस में सपा की नीतियों और अखिलेश यादव पर कई आरोप लगाए। कॉफी हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद पीडी तिवारी, बृजेश यादव, प्रदीप तिवारी और प्रयागराज की ऋचा सिंह ने सपा के खिलाफ मुहिम चलाने का ऐलान किया है। रिचा सिंह ने कहा कि पार्टिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हो चुकी है बृजेश यादव ने कहा अखिलेश यादव मूल विचारधारा से भटक गए। सबको मालूम है कि 2022 के चुनाव में किस तरीके से टिकट बांटे गए। फिलहाल सपा ने सभी बगावती नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। रिचा सिंह ने कहा कि सपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रही है। समाजवादी पार्टी में एक बस है जो पूंजीपति की तरह काम करता है। रिचा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सोशल मीडिया हैंडलर की तरफ से महिलाओं के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। मनीष जगन अग्रवाल के खिलाफ कई लोगों ने फिर दर्ज कराई। सपा में संघर्ष का स्थान खत्म हो चुका है। संघर्ष को अपने का काम समाजवादी पार्टी द्वारा नहीं किया जा रहा है। सब हमें सल के साथ मौर्य जैसे लोग महासचिव हैं तो कैसे सपा का विकास होगा। बृजेश यादव ने कहा कि अगर मनीष जगन अग्रवाल के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा।

## चार सितम्बर को निकलेगा बीकापुर में चेहलुम का जुलूस

अयोध्या। जिले के कस्बा बीकापुर इमामबाड़ा रोड पर वर्षो पुराना निकलने वाला चेहलुम का जुलूस इस साल भी 4 सितम्बर को दिन में 10 बजे स्टेट बैंक के सामने से निकलकर इमामबाड़ा हुसैनिया अबु तालिब में जाकर समाप्त होगा।जिसमे मौलाना नकी इमाम रिजवी गोरखपुर,सागर आजमी आजमगढ़ मजलिस व तकरीर करेगे। अंजुमन अब्बासिया सुल्तानपुर, मासूमिया लोरपुर, हैदरिया अकबरपुर नौहाखवानी करेगी। जुलुस में 18 बनी हाशिम के शबिहे ताबूत की जियारत कराई जाएगी। मशहूर नौहा खवान जुहैर सुल्तानपुरी साहब पुरसा पेश करेगे। जुलुस की निजामत मौलाना अर्शी मौलाई साहब करेगे। जुलुस में अलम, ताजिया,जुलजना साथ साथ रहेगा। भारी संख्या में जायरीन उपस्थित रहेंगे।अंजुमन तबलीगे हुसैनी के सेक्रेटरी नेहाल हैदर ने प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की है।

## समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर एक बार फिर दान बहादुर सिंह पर हुए मनोनीत

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव के संस्तुति पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर पुनः दान बहादुर सिंह को मनोनीत किया गया है एवं समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष पद पर एडवोकेट शावेज जाफरी का भी मनोनयन किया है इस मनोनयन पर पार्टी के सभी नेता पदाधिकारी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव बताया की समाजवादी शिक्षक सभा के अध्यक्ष के पद पर दान बहादुर सिंह व समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर एडवोकेट शावेज जाफरी की नियुक्ति से समाजवादी पार्टी को आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका फायदा मिलेगा इनके मनोनयन पर पार्टी के नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया जिसमें मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद ललित यादव राजेश पटेल ओ पी पासवान रामजी पाल के के गुप्ता रमाकांत यादव संत प्रसाद मिश्रा चौधरी बलराम यादव राकेश यादव सरोज यादव अंसार अहमद बबन अजय वर्मा नंद कुमार गुप्ता डॉ घनश्याम यादव राकेश चौरसिया विशाल यादव मो सोहेल जगन्नाथ यादव वीरेंद्र गौतम सूर्यभान यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

## बीपी मंडल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई जयंती

अयोध्या। समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर बीपी मंडल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित की। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि बीपी मंडल हमेशा दलित पिछड़ों की लड़ाई लड़ी है श्री यादव ने बताया कि 20 दिसंबर 1978 को मोरारजी देसाई की सरकार ने मधेपुरा से सांसद बीपी मंडल की अध्यक्षता में एक पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की अधिसूचना जारी की । इसे ही मंडल आयोग कहा गया है 1979 को मंडल आयोग ने अपना काम शुरू किया था । 1980 में मंडल आयोग ने तत्कालीन गृह मंत्री ज्ञानी जैल सिंह को मंडल आयोग की रिपोर्ट सौंपी थी । 1990 में बीपी सिंह की सरकार ने 27 प्रतिशत पिछड़ों का आरक्षण लागू कर दिया गया था । श्री यादव ने कहा की बीपी मंडल बिहार के मुख्यमंत्री रहते हुए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया । जिसे जनता आज भी याद कर रही है । श्री यादव ने कहा आज हम सब पिछड़ों के मसीहा बीपी मंडल के जयंती पर विन्रम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं।सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव के नेतृत्व में बीपी मंडल की जयंती बनाई गई अवसर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान रमाकांत यादव चौधरी बलराम यादव अंसार अहमद बबन मो हलीम पप्पू दान बहादुर सिंह जगन्नाथ यादव गौरव पांडे डॉ घनश्याम यादव वीरेंद्र गौतम नागेश्वर नाथ कोरी केशव कोरी राकेश चौरसिया विशाल यादव जेपी यादव अरुण कुमार कोरी राम जी विश्वकर्मा जितेंद्र कुमार यादव सूर्यभान यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएचसी अधीक्षक डॉ रोहित चौरसिया को सीएमओ ने दिया नोटिस

### 3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

अयोध्या।अयोध्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान समय पर न करने पर तारुन सीएचसी अधीक्षक डॉ रोहित चौरसिया को सीएमओ डॉ संजय जैन ने नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तारूंन के प्रभारी अधीक्षक रोहित चौरसिया ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जननी सुरक्षा के लाभार्थियों को समय से भुगतान न करने पर नाराज सी एम ओ संजय जैन ने पत्र के माध्यम से फटकार लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान 48 घण्टे में किये जाने के निर्देश है।प्रत्येक माह नियमित रूप से कार्यकारी समिति की एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में लाभार्थियों के भुगतान की समीक्षा में शत प्रतिशत लाभार्थियों के भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है।किन्तु 28 जुलाई 2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे शासी निकाय की बैठक में जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2023 से 20 जुलाई 2023 तक संपादित संस्थागत प्रसव के सापेक्ष मात्र 59 प्रतिशत लाभार्थियों का ही भुगतान किया गया है। उक्त से स्पष्ट है कि प्रत्येक माह उच्च अधिकारीयों द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन आप द्वारा नहीं किया जा रहा है और लाभार्थियों को जननी सुरक्षा योजना का लाभ समय से नही दिया जा रहा है जो अपने कार्य एवं दायित्वों के निर्वहन के प्रति आपकी उदासीनता का द्योतक है। अतः आप अपना स्पष्टीकरण 03 कार्य दिवसों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें कि क्यों न उपरोक्त हेतु आपकी सेवा में प्रतिकूल प्रविष्टि का अंकन कर दिया जाय।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।